
# दो बार जानलेवा हमले झेल चुके थे कारोबारी प्रवेश अग्रवाल

- बेटी की हालत अब भी नाजुक
- खनन माफिया से मिली थी धमकी
- चार साल में 500 कन्याओं की कराई शादी
- सामाजिक कार्यों से बनाई थी अपनी अलग पहचान

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर के प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल कारोबारी और समाजसेवी प्रवेश अग्रवाल की मौत से शहर शोक में डूबा है. नर्मदा युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस से जुड़े अग्रवाल को अवैध खनन माफिया से कई बार धमकियां मिल चुकी थीं. वर्ष 2019 और 2020 में उन पर दो बार जानलेवा हमले भी हुए थे. अब उनकी असमय मौत से परिजन और परिचित सदमे में हैं, जबकि उनकी बेटी सौम्या की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है.

प्रवेश अग्रवाल महिंद्रा शोरूम के मालिक और नर्मदा युवा सेना से जुड़े प्रमुख सामाजिक चेहरों में शामिल थे. उन्होंने प्रदेश में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया था, जिससे खनिज माफिया उनसे नाराज थे. सूत्रों के अनुसार, इंदौर में उन्हें कई बार



फोन पर धमकियां दी गईं, जिसकी शिकायत उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों और साइबर सेल में भी की थी. बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 और 2020 में उन पर दो बार जानलेवा हमले हो चुके थे, जिनमें वे बाल-बाल बचे थे. इन घटनाओं के बावजूद उन्होंने सामाजिक गतिविधियां नहीं छोड़ीं. राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे अग्रवाल को कांग्रेस आने वाले चुनाव में प्रत्याशी के रूप में उतारने की तैयारी कर रही थी, लेकिन इससे पहले यह दर्दनाक हादसा हो गया.

### समाजसेवा में थे अग्रणी

प्रवेश अग्रवाल के करीबी बताते हैं कि प्रवेश अग्रवाल केवल उद्योग तक सीमित नहीं थे, बल्कि वे समाजसेवा में भी अग्रणी थे. पिछले चार वर्षों में उन्होंने देवास जिले में निर्धन परिवारों की 500 कन्याओं की शादियां करवाईं. इसके साथ ही उन्होंने वृद्ध महिलाओं के लिए आश्रम का निर्माण करवाया और उनके पुनर्वास की जिम्मेदारी भी स्वयं ली थी. अग्रवाल के निधन के दो दिन बाद भी परिवार और शुभचिंतक सदमे से उबर नहीं पाए हैं. उनके निवास पर राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और शहर के कई सामाजिक संगठनों का लगातार आना-जाना लगा हुआ है. घटना में घायल बेटी सौम्या का इलाज बॉम्बे अस्पताल में जारी है. डॉक्टरों के मुताबिक, उसकी हालत में सुधार तो है, लेकिन होश में आते ही वह बेचैन हो जाती है. इस कारण चिकित्सक उसे इंजेक्शन देकर बेहोश रख रहे हैं. परिजन अब तक उसे पिता की मौत की जानकारी नहीं दे पाए हैं.

# अवैध बिल्डिंग में मिली मजदूर की बंधी लाश

**इंदौर.** जूनी इंदौर थाना क्षेत्र स्थित राजमहल कॉलोनी में शनिवार सुबह सनसनीखेज वारदात से सनसनी फैल गई. यहां एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे मजदूर रितिक पिता मनीराम फुलगर, मूल निवासी मांडव, जिला धार की हाथ-पैर बंधी लाश मिलने से हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की.

प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भेजा है. बताया जा रहा है कि मृतक रितिक पिछले 20-22 दिनों से



उसी मकान में रहकर मजदूरी कर रहा था. जानकारी के अनुसार, यह वही निर्माणाधीन बिल्डिंग है, जो चर्चित बिल्डर राजेश चांदवानी की बताई जा रही है. फिलहाल, पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर हत्या की वजह और संदिग्धों का सुराग तलाश रही है.

### एक नजर में

## बेटमा की कौशिकी खंडेलवाल बनी एसीसीए

महु/बेटमा. बेटमा नगर के धार रोड निवासी कमलेश-दीपा



खंडेलवाल की सुपुत्री कौशिकी (कान्हा) खंडेलवाल ने अपनी मेहनत और लगन से एसीसीए (एसोसिएशन ऑफ चार्टर्ड सर्टिफाइड अकाउंटेंट) की परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार और नगर का नाम गौरवान्वित किया है. यह परीक्षा अपने विस्तृत पाठ्यक्रम, कठिन प्रकृति और कम उत्तीर्णता दर के कारण चुनौतिपूर्ण मानी जाती है. कोशिकी ने एक बार में ही परीक्षा पास कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. कौशिकी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनो को दिया है. कौशिकी देपालपुर तहसील की संभवत: पहली लडक़ी है, जिसने एसीसीए एफिलिएट बनने का गौरव हासिल किया है. कौशिकी की इस उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों सहित स्वजन व समाजजन ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है. साथ ही घर जाकर कोशिका का पुष्पमाला से स्वागत किया और मुंह मीठा कराया.

## शीतल जैन को पीएचडी, स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**महू.** बहुमुखी प्रतिभा की धनी, शिक्षा, समाज में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली डॉ. शीतल जैन ने अपनी जीवन यात्रा में विविध विषयों पर अपनी दक्षता से एक उच्च मुकाम पाया है. व्यापारिक रणनीति के तहत ग्राहकों की रुचि बढ़ाने एवं व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में लाभ लेने में उनके द्वारा किए गए गहन शोध पर जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर उन्हें पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया है. इस सफलता पर रोटरी क्लब, निश्चल सेवा एवं वरिष्ठजनों ने डॉ. शीतल जैन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई. इस मौके पर मुख्य रूप से रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ला, रोटरी क्लब के वर्तमान अध्यक्ष रमेश जैन राही, सचिव आशीष जैन, रो. प्रकाश वर्मा, रो. विनय जैन, रो. शिल्पी शुक्ला, रो. मनीष शुक्ला एवं निश्चल सेवा के सदस्य बीके कौशल, डॉ. लकी खंडेलवाल, सहित अन्य परिवारजन मौजूद थे.

## कृषि उपज मंडी में पीले सोने ने बिखेरी चमक



**महू.** डोंगरगांव स्थित कृषि उपज मंडी में सोयाबीन और गेहूं की नई उपज के मुहूर्त सौदे हुए. शुभ मुहूर्त में नीलामी के बाद मंडी में पीले सोने की दमक बिखरने की उम्मीद जताई जा रही है. मुहूर्त की बोली में सिमरन एग्रो टेक फर्म के प्रतिनिधि ने सोयाबीन की उच्चतम 7611 रुपए की बोली लगाई, वहीं गेहूं की उपज 4601 रुपए प्रति क्विंटल की उच्चतम दर से परम श्रीकृष्णा ट्रेडर्स ने खरीदी. यह जानकारी कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष पूनम अग्रवाल और सचिव प्रकाश दांगी ने बताया कि शुक्रवार को मंडी के शुभ मुहूर्त पर विधायक उषा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने तोल कांटे की पूजा की. इस अवसर पर मंडी के सभी व्यापारी उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है कि दीपावली के अवकाश के बाद शुक्रवार से एक बार फिर मंडी प्रांगण किसानों से गुलजार हुआ. पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक उषा ठाकुर ने इस अवसर पर किसानों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार ने सोयाबीन की फसल के लिए एमएसपी निर्धारित किया गया है. किसानों को मंडी नीलामी दर और मॉडल रेट के अंतर के हिसाब से भावांतर राशि का भुगतान किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि विकासखंड में 36 हजार हेक्टेयर से अधिक में किसानों द्वारा सोयाबीन की बोनी की जाती है.

## 'बीट पुलिस आपकी सुरक्षा की कड़ी' के तहत हुई नुक्कड़ सभा



महू. एसपी ग्रामीण द्वारा इन दिनों 'बीट पुलिस आपकी सुरक्षा की कड़ी' अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत शुक्रवार को कोतवाली चौक पर नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों एवं आम जनता की एक नुक्कड़ मीटिंग आयोजित की गई. इसमें बीट पुलिस के बारे में और आम जनता को अपने-अपने बीट क्षेत्र के संबंध में जानकारी दी गई. साथ ही बीट क्षेत्र में होने वाली अवैध गतिविधियों जैसे मादक पदार्थ, अवैध शराब आदि की बिक्री होने पर पुलिस को सूचना देने के संबंध में चर्चा की गई. इस अवसर पर बताया गया कि इस अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी के लिए अगली मीटिंग में प्रथक से बीट अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी. उपरोक्त कार्यक्रम में एसडीओपी ललित सिंह सिकरवार, थाना प्रभारी महू राहुल शर्मा एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा.

## बच्चों से मिलने पहुंचे दामाद पर ससुराल वालों ने किया हमला, भाई घायल

**इंदौर.** छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के दौरान दामाद पर ससुराल पक्ष ने हमला कर दिया. मारपीट में दामाद का भाई गंभीर रूप से घायल हुआ है. 40 वर्षीय तरुण शर्मा निवासी शांति विहार, नवलखा ने शिकायत दर्ज कराई कि वे शुक्रवार को सराफा विद्या निकेतन स्कूल बच्चों से मिलने पहुंचे थे. तभी पत्नी निधि शर्मा के साथ ससुर अनिल शर्मा, चाचा ससुर राजेश शर्मा, चाची सास प्रीति शर्मा और साला यश शर्मा वहां आ गए और बच्चों से मिलने से मना करने लगे. फरियादी ने अपने भाई प्रतीक शर्मा को बुलाया. कुछ देर बाद जब प्रतीक पहुंचा तो ससुराल पक्ष ने दोनों भाइयों से गाली-गलौज की. विरोध करने पर यश शर्मा ने डंडे से हमला कर दिया, जिससे प्रतीक के सिर, हाथ और चेहरे पर चोटें आईं. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है.

### दहेज प्रताड़ना का केस

**इंदौर.** आजाद नगर थाना क्षेत्र में विवाहिता 25 वर्षिय ऊजमा शेख निवासी दाऊजी नगर, खजराना ने पति शेख वारिस निवासी नेतराम का बगीचा, आजाद नगर पर केस दर्ज कराया है. पति ने मायके वालों से गैस टंकी और रुपए की मांग की तथा दहेज को लेकर मानसिक प्रताड़ना दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्रकरण दर्ज कर लिया है

## छोटी ग्वालटोली में ऑटो पार्ट्स की दुकान में लगी आग

- एक घंटे में पाया काबू, बड़ा हादसा टला

**इंदौर. शहर के व्यस्त छोटे ग्वालटोली क्षेत्र में देर रात एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में आग लग गई, लेकिन दमकल की त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया. मधुमिलन चौराहे से बस स्टैंड की ओर जाने वाले मार्ग पर स्थित तीन मंजिला व्यावसायिक इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी आग ने आसपास के इलाके में डर फैला दिया.**



देर रात राजेश ऑटो पार्ट्स में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को मिली. आग इतनी भयानक थी कि लपटें तेजी से फैल रही थीं. गांधी हॉल फायर स्टेशन से एएसआई सुशील दुबे के नेतृत्व में दमकल टीम तत्काल मौके पर पहुंची. टीम ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत और 8,000 लीटर पानी का उपयोग कर आग को नियंत्रण में लिया. दुबे ने बताया कि आग का कारण अभी तक अज्ञात है. गनीमत रही कि दमकल कर्मियों ने आग को इमारत की निचली मंजिल और अन्य दुकानों तक फैलने से रोक दिया. आग से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

## राजेंद्र नगर में बिगड़ा रतलाम-महू ट्रेन का इंजन

- यात्रियों ने सोशल मीडिया के जरिये की रेल मंत्री से शिकायत
- शिकायत के बाद रेलवे ने भेजा दूसरा इंजन
- डेढ़ घंटे की देरी से रात 12.02 बजे महू पहुंची ट्रेन

इंदौर. रतलाम से डॉ. आंबेडकर नगर महू जा रही डेमू ट्रेन के यात्रियों को शुक्रवार देर रात उस समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब ट्रेन का इंजन राजेंद्र नगर स्टेशन पर खराब हो गया. लंबे समय तक ट्रेन वहीं खड़ी रही, जिससे नाराज यात्रियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे मंत्रालय को शिकायत भेज दी.

रतलाम-महू डेमू ट्रेन संख्या 79318 शाम 7 बजे रतलाम से रवाना होकर रात 10.55 बजे महू पहुंचने वाली थी, लेकिन यह ट्रेन 14 मिनट देरी से रात 10.24 बजे राजेंद्र नगर स्टेशन पहुंची और उसके बाद वहीं अटक गई. रेलवे स्टाफ ने जांच में पाया कि ट्रेन के डीपीसी डीजल पावर कार में तकनीकी खराबी आने से इंजन बंद हो गया है. काफी देर तक ट्रेन के नहीं चलने से यात्रियों में आक्रोश बढ़ गया. कुछ यात्रियों ने ट्विटर और एक्स पर रेल मंत्री, रेल मंत्रालय और रेलवे हेल्पलाइन 'रेल सेवा' को टैग करते हुए शिकायत की. यात्रियों ने लिखा कि ट्रेन में कई लोग अस्वस्थ हैं और उन्हें देर रात तक बैठे रहना पड़ रहा है.

### सवा घंटे देरी से महू पहुंची ट्रेन

शिकायत के बाद रेलवे ने तुरंत रतलाम डीआरएम को मामले में हस्तक्षेप के निर्देश दिए. डीआरएम कार्यालय ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए ट्रेन के लिए नया इंजन भेजा, जिसके बाद ट्रेन को रात 11.30 बजे महू के लिए रवाना किया. तय समय से 1 घंटा 18 मिनट की देरी से यह ट्रेन आखिरकार रात 12.02 बजे महू पहुंच पाई. रेलवे अधिकारियों ने यात्रियों से असुविधा के लिए खेद जताते हुए बताया कि इंजन में आई तकनीकी खराबी के कारण यह स्थिति बनी.

## फ्लाइट लेट होने से एयरपोर्ट पर यात्रियों ने किया हंगामा

- स्टार एयर की 4 उड़ानें हुईं चार घंटे से ज्यादा लेट
- रात 12.15 बजे रवाना हुई 7.45 बजे वाली फ्लाइट
- तकनीकी खराबी से बिगड़ा शेड्यूल

**इंदौर.** देवी अहिल्याबाई होलकर विमानतल पर शुक्रवार को स्टार एयर की उड़ानें बुरी तरह प्रभावित रहीं. तकनीकी खराबी के चलते बेंगलुरु और गोंदिया के बीच आने-जाने वाली कंपनी की चारों उड़ानें चार घंटे से ज्यादा देरी से चलीं. देर रात तक यात्रियों को एयरपोर्ट पर इंतजार करना पड़ा. परेशान यात्री आक्रोशित हो गए और उन्होंने जमकर हंगामा किया.

एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, स्टार एयर की बेंगलुरु से दोपहर 2.30 बजे रवाना होने वाली फ्लाइट शाम 4.30 बजे इंदौर पहुंचनी थी, लेकिन विमान में आई तकनीकी खराबी के चलते उड़ान तीन घंटे देरी से रवाना हो सकी. इस देरी ने आगे का पूरा शेड्यूल बिगाड़ दिया. इंदौर से 4.55 बजे गोंदिया जाने वाली फ्लाइट, गोंदिया से 6.25 बजे लौटने वाली फ्लाइट और रात 7.45 बजे बेंगलुरु के लिए रवाना होने वाली अंतिम उड़ान सभी तय समय से चार घंटे से अधिक लेट रहीं. अंतिम उड़ान रात 12.15 बजे रवाना हो सकी. इस दौरान यात्रियों में नाराजगी बढ़ती गई और उन्होंने एयरपोर्ट पर हंगामा कर दिया.

बताया जाता है कि एयरलाइन स्टाफ ने यात्रियों को शांत कराने के लिए खाने-पीने की व्यवस्था की और रिफंड व रीबुकिंग का विकल्प भी दिया. लेकिन कई यात्रियों ने लगातार हो रही देरी पर कंपनी से जवाबदेही की मांग की. स्टार एयर ने इंदौर से उड़ान संचालन 16 सितंबर से शुरू किया था. शुरुआत से ही कंपनी की उड़ानें देरी और निरस्तीकरण की समस्या से जूझ रही हैं. एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि कंपनी के पास सीमित विमान हैं, जबकि उड़ान सेक्टर अधिक हैं, जिससे संचालन में दिक्कतें आ रही हैं. प्रबंधन ने कंपनी को शेड्यूल सुधारने के निर्देश दिए हैं.


## पेट्रोल पंप पर कार आगे लगाने को लेकर विवाद

इंदौर. क्षिप्रा थाना क्षेत्र में जियो पेट्रोल पंप पर कार आगे लगाने की बात पर विवाद इतना बढ़ गया कि गाली-गलौज और मारपीट तक की नौबत आ गई. पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है. फरियादी 37 वर्षीय संतोष सिंह निवासी अमृत पैलेस, निपानिया ने बताया कि सुबह पेट्रोल पंप पर बलेनो कार नम्बर एमपी 09 जेड डब्ल्यू 0357 के चालक और उसके एक साथी से कहासुनी हो गई. इसी बात पर दोनों ने अश्लील गालियां दीं और हाथापाई करने लगे. झगड़े में फरियादी के भांजे अंकुश सिंह को कंधे और गर्दन पर चोट आई, जबकि मां निद्रा सिंह के हाथ-पैर में चोटें लगीं. आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस नें प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है.

## 22 बार ट्रैफिक नियम तोड़ने वाला चालक पकड़ाया

- पुलिस ने मोटरसाइकिल की जप्त

इंदौर. बार-बार यातायात नियम तोड़ने वालों पर अब ट्रैफिक पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. विजयनगर चौराहे पर एक पल्सर बाइक सवार को पुलिस ने पकड़ा, जो 22 बार नियमों का उल्लंघन कर चुका था. चालान राशि जमा न करने पर पुलिस ने वाहन जब्त कर लिया. आईटीएमएस कैमरों से मिले डेटा के आधार पर ऐसे वाहन चालकों पर नजर रखी जा रही है, जो बार-बार ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते हैं. उपनिरीक्षक बलराम सिंह तोमर ने बताया कि विजयनगर चौराहे पर बाइक नम्बर एमपी 09 जेडएस




3569 को रोका. जांच में पता चला कि चालक के खिलाफ 22 बार नियम उल्लंघन के ई-चालान बने हैं और उसने अब तक जुर्माना नहीं भरा था. मौके पर दो चालानों का भुगतान करवाया गया, जबकि बाकी चालान कोर्ट में लंबित रहने के कारण बाइक को जप्त कर यातायात थाना परिसर में खड़ा करवा लिया.

## प्रसाद लेने के बहाने घर में घुसी महिला सोने के जेवर ले उड़ी

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने चोरी की अनोखी वारदात को अंजाम दिया. उसने दीवाली प्रसाद लेने के बहाने घर में प्रवेश किया और मौका मिलते ही सोने के गहने पार कर दिए.

अनुराधा नगर एक्सटेंशन निवासी 51 वर्षीय संगीता गोयल ने बताया कि 65 वर्षीय महिला घर आई और बोली वह दीवाली का प्रसाद लेने आई है. यह बोलते हुए वह अंदर आ गई. फरियादिया जब प्रसाद लेने ऊपर गई, तो वह भी पीछे-पीछे चली गई और हाल में रखे डिब्बे से सोने के टॉप्स, मंगलसूत्र, पायल और अंगूठी सहित करीब 22 ग्राम जेवर चुरा लिए. जब संगीता रसोई से बाहर आई तो गहने गायब थे. आरोपी महिला का सुराग लगाने के लिए पुलिस मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है.

**तीन युवकों के पास से चाकू व तलवार जब्त**- इंदौर. मल्हारगंज थाना पुलिस ने राऊ क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय विशाल राठौर को सुभाष प्रतिमा के पास से पकड़ा. उसकी लोवर की जेब से लोहे का धारदार चाकू मिला. वहीं, लसूड़िया पुलिस ने निपानिया चौराहा सुलभ कॉम्प्लेक्स के पास से दो युवकों को पकड़ा. 20 वर्षीय गणेश अवसरमोल की जेब से तेज धार वाला चाकू और 20 वर्षीय अंकित चंदनशिव की कमर में छुपाई तलवारनुमा धारदार वस्तु जप्त की गई. दोनों के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है.

## 21.61 ग्राम ड्रग्स के साथ एक गिरफ्तार

इंदौर. क्राईम ब्रांच की टीम ने संजय सेतु पार्किंग मेन रोड से 21.61 ग्राम अवैध ड्रग्स के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने पूछताछ में मादक पदार्थ सस्ते दामों पर खरीदकर शहर में ऊंचे दामों पर बेचने की बात स्वीकार की.

पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार क्राइम ब्रांच टीम शहर में मादक पदार्थ तस्करी के मामलों की लगातार जांच कर रही है. संजय सेतु पार्किंग मेन रोड पर संदिग्ध गतिविधि के आधार पर शोएब खान निवासी रतलाम को रोका और पूछताछ की. पुलिस पूछताछ के दौरान वह घबराकर भागने लगा, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया.



विधिवत तलाशी में आरोपी के कब्जे से 21.61 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है. जिसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए आंकी गई है. आरोपी पेशे से ड्राइवर है और उसने केवल 10वीं तक पढ़ाई की है. प्रारंभिक पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि मादक पदार्थ सस्ते में खरीदकर अधिक लाभ के लिए वह नशे के आदी लोगों को बेचा करता था. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

**तस्करी** क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में दो तस्कर गिरफ्तार, शहर में नशे का जाल फैलाने की तैयारी में थे दोनों आरोपी

## बाहर से सस्ते में ड्रग्स लाकर शहर में बेचते थे महंगे दामों में

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** शहर में नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच ने दो नशा तस्करों को दबोचा है. आरोपियों के कब्जे से करीब 17.96 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है. साथ ही उनके पास से एक यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल, तोल कांटा मशीन और पाउच बनाने की इलेक्ट्रिक मशीन भी बरामद हुई है.

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच



टीम शहर में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों पर लगातार नजर रखे हुए है. इसी दौरान श्रीहनुमान मंदिर, एमआर-04 रोड क्षेत्र में दो संदिग्ध युवकों को देख पुलिस ने उन्हें रोका, पूछताछ में दोनों





घबराने लगे. तलाशी लेने पर उनके पास ब्राउन शुगर मिली. गिरफ्तार आरोपियों के नाम विशाल उर्फ विक्की निवासी बड़ी ग्वालटोली और अभिषेक उर्फ धीरज शर्मा निवासी खजराना बताए हैं. आरोपी विशाल उर्फ विक्की पर पूर्व में भी इंदौर शहर के अलग-अलग थानों में 11 प्रकरण दर्ज हैं. प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि वे सस्ते दामों में ब्राउन शुगर अन्य जिलों से खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक दामों में बेचते थे. दोनों आरोपी पाउच बनाकर आधा-आधा ग्राम ब्राउन शुगर पैक कर सप्लाई करने की तैयारी में थे.

### यह सामग्री की जप्त

आरोपी विशाल की निशानदेही पर पाउच बनाने की इलेक्ट्रिक मशीन, प्लास्टिक पन्नी और इलेक्ट्रॉनिक तोल मशीन जब्त की गई. क्राइम ब्रांच ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम जांच शुरू कर दी है.